प्रभु का है जिसने भरोसा किया भजन लिरिक्स

प्रभु का है जिसने भरोसा किया,
तूफानों में भी जलता उसका दिया,
दर दर क्यों भटके अरे बावरे,
आजा शरण में,
सहारा मिलेगा तुझे श्याम से,
प्रभू का है जिसने भरोसा किया,
तूफानों में भी जलता उसका दिया।bd।

पकड़ ले तू प्यारे डगर श्याम की,
शरण में तू आये अगर श्याम की,
ये किस्मत तुम्हारी संवर जायेगी,
होगी दया की नज़र श्याम की,
बड़ा ही दयालु है दातार है,
ना दूजा कोई ऐसा दरबार है
दर दर क्यों भटके अरे बावरे,
जो खोया है तूने,
दोबारा मिलेगा तुझे श्याम से,
प्रभू का है जिसने भरोसा किया,
तूफानों में भी जलता उसका दिया।bd।

जहाँ ज्योत बाबा की है जल रही,
वहां रौशनी श्याम से मिल रही,
बड़ा ही सुखी उसका संसार है,
बगिया वहां प्यार की खिल रही,
ये ज्योति हमेशा जगाया करो,
प्रभु नाम को गुनगुनाया करो,
दर दर क्यों भटके अरे बावरे,
क्या करना है उसका,
इशारा मिलेगा तुझे श्याम से,
प्रभू का है जिसने भरोसा किया,
तूफानों में भी जलता उसका दिया।bd।

जो सर पे तेरे श्याम का हाथ है,
तो डरने की कोई भी ना बात है,
मंज़िल मिलेगी तुझे एक दिन,
पग पग पे तेरे प्रभु साथ है,
बिन्दू कमीना रुके ये कदम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तो मुरली बजाते मिलेंगे सनम,
दर दर क्यों भटके अरे बावरे,
अँखियों को सुन्दर नज़ारा,
मिलेगा तुझे श्याम से,
प्रभू का है जिसने भरोसा किया,
तूफानों में भी जलता उसका दिया।bd।

प्रभु का है जिसने भरोसा किया,
तूफानों में भी जलता उसका दिया,
दर दर क्यों भटके अरे बावरे,
आजा शरण में,
सहारा मिलेगा तुझे श्याम से,
प्रभू का है जिसने भरोसा किया,
तूफानों में भी जलता उसका दिया।bd।

Singer – Kumar Deepak
Lyricist – Binnu Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com